Title: Need to provide funds for early completion of Gosikhurd Irrigation Project in Nagpur Zone of Maharashtra.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : अध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र में नागपूर जोन में गोसेखुर्द प्रकल्प सिंचाई प्रकल्प है। इससे चार जिले में भंडारा, गोंदिया, चंद्रपुर और गडचिरोठी में सिंचाई होगी। 1980 में श्रीमती इंदिरा गांधी ने भूमी पूजन किया था। 1995 में यह प्रकल्प का काम शुरू हुआ। महाराष्ट्र की सरकार ने इसे निधि देना लगभग बंद कर दिया है। तीन सौ करोड़ रूपये पहले लागत थी। अब तीन हजार करोड रूपये लागत हो गयी है। जिनकी भूमी ली गयी, उन किसानों को भूमी का मुआवजा भी नहीं दिया गया। केन्द्र सरकार से निवेदन है कि प्रकल्प अपने हाथ में लेकर पूर्ण निधि दे और निर्धारित समय में पूर्ण करे।